भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 185
दिनांक 04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

दवा कंपनियों के लिए क्यूआर कोड

185. श्री एस. निरंजन रेड्डीः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत कितनी दवा कंपनियों ने क्यूआर कोड अपनाए हैं और अन्य कंपनियों से इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार की योजना सभी चिकित्सा श्रेणियों के लिए क्यूआर कोड अधिदेश को लागू करने की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार दवाओं की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए क्यूआर कोड का प्रयोग करने के संबंध में उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की योजना बना रही है; और

(घ) दवाओं के ट्रैंक एंड ट्रेस के लिए नीति आयोग के ब्लॉकचेन-आधारित पायलट कार्यक्रम की स्थिति क्या है और क्या सरकार इस प्रयोजनार्थ ब्लॉकचेन को अपना रही है?

उत्तर
रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): औषधि फार्मूलेशन उत्पादों के शीर्ष 300 ब्रांडों के पैकेजिंग लेबल पर बार कोड या त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड को प्रिंट करना या चिपकाना विनिर्माताओं के लिए अनिवार्य करने के लिए, औषधि नियम, 1945 को दिनांक 17.11.2022 की अधिसूचना के माध्यम से संशोधित किया गया था, जो दिनांक 01.08.2023 से लागू हुआ, ताकि उक्त नियमों की अनुसूची एच2 में विनिर्दिष्ट औषधि फार्मूलेशन उत्पादों के संबंध में ऐसे मुद्रण या चिपकाने का प्रावधान किया जा सके। उक्त नियमों के तहत राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी करने और गैर-अनुपालन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई करने का अधिकार प्रदान किया गया है। उक्त आवश्यकता के अनुपालन की जांच के

लिए कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अन्य औषधि फॉर्मुलेशन उत्पादों पर बार कोड या क्यूआर कोड लगाने के प्रस्ताव पर औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड की 90वीं बैठक में विचार-विमर्श किया गया, जिसमें विचार-विमर्श के बाद सभी वैक्सीन उत्पादों पर बार कोड या क्यूआर कोड लगाने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने इस संबंध में अपनी वेबसाइट (https://cdsco.gov.in/opencms/opencms/en/Notifications/Gazette-Notifications) पर अधिसूचना प्रकाशित करके क्यूआर कोड से संबंधित उक्त आवश्यकताओं को आम जनता के लिए उपलब्ध कराया है और इस संबंध में सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाने के लिए उद्योग हितधारकों को सलाह भी दी है।

ब्लॉकचेन -आधारित प्रयोग का विवरण नीति आयोग के जनवरी 2020 के "ब्लॉकचेन : द इंडिया स्ट्रैटेजी" शीर्षक वाले मसौदा चर्चा पत्र में शामिल है, और यह नीति आयोग की वेबसाइट अर्थात् (https://www.niti.gov.in/sites/default/files/2020-01/ Blockchain_The_ India_Strategy_Part_I.pdf) पर उपलब्ध है।

*****